उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्टर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/ 531 /2023–24 दिनांकः 12 अक्टूबर, 2023

विज्ञप्ति

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–29/उ0अ0से0च0आयोग0/2020 दिनांक–06.11.2020 में विज्ञापित छात्रावास अधीक्षक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, मैट्रन केयर सह हॉस्टल इन्चार्ज, सहायक चकबन्दी अधिकारी, सहायक प्रबंधक उद्योग, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी, सहायक स्वागती, संरक्षक कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, संवीक्षक, सुपरवाईजर (केवल महिलाओं के लिए) के पदों की लिखित प्रतियोगी पुनर्परीक्षा दिनांक–09.07.2023 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित की गई।

उक्त लिखित प्रतियोगी पुनर्परीक्षा के आधार पर अभिलेख सत्यापन हेतु 02 गुना अनुपात में चयनित अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची दिनांक–21 जुलाई, 2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गईं। औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 16 अगस्त, 2023 से 13 सितंबर, 2023 तक आयोग कार्यालय में अभिलेख सत्यापन किया गया व साथ ही अभ्यर्थियों से पदों व विभागों की वरीयता भी प्राप्त की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त वरीयता एवं अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों के लिए कम्प्यूटर एवं टंकण परीक्षा व कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों की औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर पर टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा **आयोग कार्यालय में दिनांक 18–10–2023** को आयोजित की जायेगी।

अतः कम्प्यूटर पर टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु अभ्यर्थियां के प्रवेश–पत्र **दिनांक 13–10–2023 को आयोग की वैबसाइट** पर प्रसारित कर दिए जायेंगे। परीक्षा तिथि को अभ्यर्थी अपने–अपने प्रवेश पत्र, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो, फोटोयुक्त पहचान पत्र (मूल रूप में) साथ लाना आवश्यक है। टंकण परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना Keyboard ला सकते हैं, परन्तु अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके Keyboard की Keys में हिन्दी अक्षर अंकित (Print) न हो। अभ्यर्थी ऐसा Keyboard लेकर आयें जिसे कम्प्यूटर से USB द्वारा जोड़ा जाये। अभ्यर्थी को Bleutooth/wirless keyboard के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

Scanned with ACE Scanner

UTTARAKHAND SUBORDINATE SERVICE SELECTION COMMISSION

PROVISIONAL MERIT LIST FOR TYPING TEST AND TEST OF BASIC KNOWLEDGE OF COMPUTER

पद नाम - स्नातक स्तरीय	पद कोड-122,187,190,296,485,513,520,526,550,599,604,641/29/2020

S. No	Roll No	Candidate Name/Father's Name	Gender	Cate.	Sub Cate.	Gen Rank	Exam Marks	Select As
		EWS MERIT LIST						
1	1404840104	AJAYPAL SINGH S/O BALBEER SINGH	MALE	EWS		64	75.75	EWS
2	1417840144	SAURABH BARTHWAL S/O ANAND MANI BARTHWAL	MALE	EWS		67	75.75	EWS

यह श्रेष्ठता सूची पूर्णतः औपबंधिक है | श्रेष्ठता सूची की सामान्य रैंक उत्तराखंड (उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह ग के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली 2008 व उत्तराखंड शासन के शासनादेश संख्या -220/XXX (4)/2017-03 (10/2017) दिनांक 19 जुलाई , 2017 तथा उत्तराखंड शासन कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग 2 की अधिसूचना संख्या 179/XXX (2) 2021 - 30 (2)/2019 दिनांक 31/10 /2021 के आधार पर तैयार की गयी है| अभिलेख सत्यापन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में निर्धारित अर्हता तथा अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गयी सूचनाओं व उसकी पुष्टि के आधार पर स्वीकार किया जायेगा | अभिलेख सत्यापन की पूर्ण संतुष्टि के उपरांत ही अभ्यर्थी की नियुक्ति संबधित विभाग हेतु संस्तुति की जाएगी | इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा |

हिमांशु कफल्टिया
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून

Scanned with ACE Scanner